भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं.238
05 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

विश्व खाद्य भारत-2023

238. श्री सी.एन.अन्नादुरई:
श्री प्रतापराव जाधव:
डॉ.सुभाष रामराव भामरे:
डॉ.डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री सुधीर गुप्ता:
डॉ.अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में नई दिल्ली में तीन दिवसीय वर्ल्ड फूड इंडिया, 2023 समारोह का आयोजन किया और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके तहत कौन-कौन से कार्यक्रम आयोजित किए गए;

(ख) उक्त आयोजन में भाग लेने वाले देशों और विभिन्न हितधारकों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए देश भर में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी क्या है;

(घ) सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और इनके विकास तथा वृद्धि हेतु नए मार्ग तलाशने हेतु क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(ड.) क्या सरकार का देश के विभिन्न भागों में वर्ल्ड फूड समारोह के आयोजन हेतु एक अलग कोष बनाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा भारत को विश्व के प्रमुख खाद्य केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): जी हां। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने 3 से 5 नवंबर, 2023 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया-2023 का आयोजन किया। इस आयोजन में घरेलू और विदेशी हितधारकों के व्यापक स्पेक्ट्रम ने भाग लिया, जिसमें 1208 प्रदर्शक, 7 मंत्रि-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल सहित 14 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, 715 विदेशी और 218 घरेलू खरीदार, 97 कॉर्पोरेट नेता, 10 केंद्रीय मंत्रालय/विभाग, 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अलावा 6 कमोडिटी बोर्ड शामिल थे । नीदरलैंड इस आयोजन का भागीदार देश और जापान फोकस देश था।

(ग) से (च): मंत्रालय समय-समय पर आयोजित प्रचार कार्यक्रमों के माध्यम से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों सहित खाद्य प्रसंस्करण हितधारकों को आम सहयोगी मंच पर लाने में मदद करता है। ये प्रचार कार्यक्रम और वर्ल्ड फूड इंडिया मंत्रालय के बजटीय प्रावधानों के तहत समर्थित हैं।

मंत्रालय अपनी निम्नलिखित योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देता है;

(i) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई), (ii) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और (iii) प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई)। इन योजनाओं के तहत सहायता प्राप्त परियोजनाओं के परिणामस्वरूप 21656 करोड़. रुपये से अधिक का अनुमानित निवेश लाभ हुआ है। पीएलआईएसएफपीआई का लक्ष्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में चैंपियन ब्रांड बनाकर खाद्य प्रसंस्करण क्षमता के विस्तार को सुविधाजनक बनाना है।

*****